प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने कहा– बांग्लादेशी घुसपैठियों से बदली है संताल परगना की डेमोग्राफी, आदिवासियों का अस्तित्व बचाने के लिए एनआरसी लागू करना जरुरी।
- भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा– मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी कमी छिपाने के लिए अधिकारियों को बना रहे हैं मोहरा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद बोकारो से मंईयां सम्मान योजना की दूसरी किस्त करेंगे जारी।
- रांची, खूंटी, सिमडेगा और गुमला समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालिंपिक खेलों में पदक विजेता भारतीय एथलीटों से किया संवाद, कहा– जीवन के प्रति पैरालंपियनों का दृष्टिकोण हर किसी के लिए प्रेरक।

****

केन्द्र सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठ और आदिवासियों के धर्मांतरण से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट में हलफनामा दायर किया है। हलफनामे में कहा गया है कि राज्य के संताल परगना इलाके में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ हुई है, जिससे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गयी है। शपथ पत्र में यह भी कहा गया है कि घुसपैठियों को बाहर करने के लिए क्षेत्र में एनआरसी लागू करना जरुरी है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि इस मामले की विस्तृत सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

****

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजनीतिक हार स्वीकार कर चुके हैं। यही कारण है कि वे अधिकारियों को मोहरा बना रहे हैं। राज्य की कैबिनेट सचिव द्वारा राजनीतिक बयानबाजी को लेकर चुनाव आयोग को शिकायती पत्र भेजे जाने पर श्री वाजपेयी ने कहा कि किसी अधिकारी को ऐसा करने की अनुमति कार्यपालिका नियमावली नहीं देती है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने का दावा किया है। जमशेदपुर के डिमना चौक पर उनके सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने भाजपा के प्रति आभार व्यक्त किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 सितंबर को जमशेदपुर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। इस सिलसिले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की और तैयारियों की समीक्षा की। इस बीच नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद बोकारो के ललपनिया से झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की दूसरी किस्त जारी करेंगे। इस योजना के तहत अब तक 48 लाख से ज्यादा महिलाओं का निबंधन हुआ है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

झारखंड पुलिस की पहल पर शुरू हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का असर खूंटी जिले में दिखने लगा है।

****

कोडरमा जिले में दो अलग–अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। पहली घटना चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी के निर्माणाधीन टोल प्लाजा के पास की है, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दूसरी घटना तिलैया थाना क्षेत्र में हुई, जहां एक वाहन ने एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गयी।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया है कि इस दौरान रांची के अलावा खूंटी, सिमडेगा, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात होने की भी चेतावनी दी गयी है।

****

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में हाल में संपन्न पैरालिंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के साथ बातचीत की। श्री मोदी ने पदक विजेताओं और प्रतिभागियों को एक कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रति पैरालंपियनों का दृष्टिकोण हर किसी के लिए एक प्रेरणा है।
स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने अपना एक स्वर्ण पदक प्रधानमंत्री को समर्पित किया और प्रधानमंत्री से मिले प्रोत्साहन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री से मिले प्रोत्साहन पर कहा कि प्रतिस्पर्धा की कठिन घड़ियों में उनके प्रेरक शब्द मनोबल बढ़ाने वाले होते हैं।

****

सिमडेगा जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुरु हुआ ध्यानचंद सीनियर महिला– पुरुष हॉकी चौंपियनशिप का समापन हो गया है। पुरुष वर्ग में लिटिल टाइगर और महिला वर्ग में एकलव्य सेंटर की टीम विजेता बनी। समापन समारोह में जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किये। मौके पर मौजूद हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों ने हिस्सा लिया।

****